राधा श्याम संग खेले होली | By Anup Sanwariya

रंग गुलाल भर पिचकारी मारे मदन मुरारी
बरसाने की राधा भीगे, भीगे सखियाँ सारी
राधा संग श्याम खेलने आये
रंग पिचकारी भर भर लाये
होली में सबको भिगाये
बरसाने में आज होली है
खेले राधा से श्याम होली है

भर पिचकारी कान्हा मारे राधा रंग लगाए
श्याम को मुखडो ऐसो रंगो कोई पहचान ना पाए
सखियाँ श्याम को रंग लगाएं
श्याम भी सबको रंग लगाए
मंद मंद मुस्काये
बरसाने में आज होली है
खेले राधा से श्याम होली है

स्याम ने ऐसी होली खेली बरसाने में आके
राधा सखियाँ कान्हा के संग झूमे नाचे गाये
देव अनूप बरसाने आये
भर पिचकारी साथ में लाये
होली में सबको भिगाये
बरसाने में आज होली है
खेले राधा से श्याम होली है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-anup-sanwa/